







# महाराज के स्वागत के लिए प्रदेश मंत्री इस कोने पर, तो जिला मंत्री दूसरे कोने पर

## एक गुट का फोटो सेशन हो गया, दूसरा गुट फोटो सेशन से वंचित रह गया

**शाजापुर, 30 नवंबर. राजनीतिक दलों में गुटबाजी अब आम फैशन हो चुकी है, लेकिन गुट में गुटबाजी यदा-कदा ही देखने को मिलती है. ऐसा ही नजारा देखने को मिला, कांग्रेस से भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के शाजापुर हाईवे से निकलने के दौरान. शाजापुर जिले में सिंधिया के दो समर्थक हैं. जो इन दिनों भाजपा के संगठन में पदाधिकारी भी हैं. प्रदेश संगठन में प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, तो जिला भाजपा में जिला मंत्री आशुतोष श्रीवास्तव. मगर इन दोनों में भी आपस में गुटबाजी है. कई मौकों पर आशुतोष श्रीवास्तव, क्षितिज भट्ट के साथ नजर नहीं आते हैं. ऐसा ही नजारा एक बार फिर देखने को मिला, सिंधिया के स्वागत के दौरान.**

गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना से इंदौर जा रहे थे. इस दौरान प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट ने उनका स्वागत टुकराना जोड़ पर किया, लेकिन महाराज गाड़ी पर खड़े होकर ही चंद मिनटों में रवाना हो गए. इसके बाद सनकोटा जोड़ पर जिला मंत्री आशुतोष श्रीवास्तव अपने समर्थकों के साथ खड़े थे. यहां भी सिंधिया ने गाड़ी को हल्का ब्रेक लगाया और हाथ हिलाकर निकल गए. एक ही गुट के दो समर्थकों के बीच दो अलग-अलग जगह स्वागत करना राजनीति में चर्चा का विषय है. साथ ही दो सिंधिया समर्थकों के बीच आपसी गुटबाजी भी उजागर हो गई. हालांकि दोनों के बीच पहले भी महाराज के स्वागत को लेकर समय-समय पर एक-दूसरे की अनदेखी होती रही है. हालांकि बात करें तो सिंधिया के नजदीक शाजापुर जिले में क्षितिज भट्ट हैं, लेकिन आशुतोष श्रीवास्तव भी समय-समय पर महाराज के साथ फोटो डालकर सिंधिया समर्थक होने की याद दिलाते रहते हैं.

### दो समर्थक, दोनों के किनारे अलग...

एक ही नेता के दो समर्थक शाजापुर जिले में हैं, लेकिन दोनों के किनारे अलग-अलग हैं . आशुतोष श्रीवास्तव महाराज भाजपा से जिला संगठन में मंत्री हैं, तो क्षितिज भट्ट महाराज भाजपा से ही प्रदेश संगठन में दोबारा मंत्री बने हैं . लेकिन दोनों ही समर्थक अपने आका के स्वागत के लिए हाईवे के दो अलग-अलग किनारों पर खड़े नजर आए . भाजपा में इन दिनों यूं भी गुटबाजी कांग्रेस से कम नहीं है, लेकिन गुट में गुटबाजी शायद कम ही देखने को मिलती है, लेकिन इसकी पूर्ति भी महाराज के स्वागत के दौरान हो गई .

### आंधी की तरह आए, तूफान की तरह चले गए...

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हाईवे से निकलने के दौरान उनके स्वागत के लिए फूल, पटाखे और समर्थकों की व्यवस्था की गई थी, लेकिन जैसा की हमेशा महाराज आंधी की तरह आते हैं और तूफान की तरह चले जाते हैं . ऐसा ही बीती रात देखने को मिला . घंटों तक समर्थक इंतजार करते रहे, लेकिन महाराज ने गाड़ी पर खड़े होकर ही हार पहने और चंद मिनट में ही अभिवादन कर निकल गए . हालांकि सोशल मीडिया के लिए फोटो सेशन की व्यवस्था हो गई थी . लेकिन आशुतोष लाला सोशल मीडिया पर फोटो सेशन से वंचित हो गए . क्योंकि आशुतोष श्रीवास्तव के मंच पर सिंधिया ने गाड़ी में बैठे-बैठे ही हाथ हिला दिया, इसलिए वे फोटो नहीं ले पाए .

### पहले भी हो चुका है हवाई दौरा...

जब-जब सिंधिया जी शाजापुर से निकलते हैं, तो उनके समर्थक उनके स्वागत के लिए तैयार रहते हैं, लेकिन महाराज चलती गाड़ी से ही अभिवादन कर निकल जाते हैं . जब वे कांग्रेस में थे, तो उनके एक समर्थक रथ भेंट करना चाहते थे, तो समर्थक के हाथ में ही रथ रह गया और महाराज निकल गए . ऐसे ही एक बार रेलवे स्टेशन पर महाराज के आने की सूचना मिली. समर्थक पहुंचे, लेकिन महाराज के कोच का दरवाजा ही नहीं खुला . खिड़की से ही अभिवादन कर दिया .

## एक नजर में

### कोचिंग से घर जा रही नाबालिग को छेड़ा



शाजापुर, 30 नवंबर . कोतवाली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है . घटना शनिवार रात करीब 8 .30 बजे की है . छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है . छात्रा ने अपनी शिकायत में बताया कि वह कोचिंग से घर लौट रही थी . लक्ष्मीनगर स्थित हनुमान मंदिर के पास रोहित नामक युवक ने उससे जबरन बात करने की कोशिश की . जब छात्रा ने मना किया, तो उसने उसका हाथ पकड़ लिया . इसी दौरान छात्रा की मां और उसका भाई मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी उन युवकों को समझाने का प्रयास किया . इस पर आरोपी रोहित ने गाली-गलौच शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट की . इसके बाद योगेश और 2-3 अन्य युवक भी वहां आ गए . सभी ने मिलकर छात्रा की मां के साथ मारपीट की, जिसमें उनका मंगलसूत्र और चेन टूट गई . इस घटना में छात्रा के भाई को भी चोट आई हैं, जबकि मां के गले और सिर में चोट लगी है . आरोपियों ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी . पुलिस ने छात्रा के आवेदन के आधार पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है . मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है .

### युवा संगम रोजगार मेला 4 दिसंबर को

शाजापुर, 30 नवंबर . शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार युवा संगम रोजगार मेला 4 दिसंबर को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय गौलाना में समय सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा . युवा संगम रोजगार मेला में युवक एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आवेदकों की योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई एवं स्नातक, आयु 18 से 40 वर्ष तक के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लिया जाकर उपयुक्त अभ्यार्थियों का चयन किया जाएगा . जिला रोजगार अधिकारी ने जिले के समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से अनुरोध किया है कि उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाना हैं . इसके लिए आपके जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सचिव/रोजगार सहायक के माध्यम से गावों मे मुनादी एवं पेंपलेट से प्रचार-प्रसार एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डों से कचरा इकट्ठा करने वाले वाहनों के माध्यम से मुनादी एवं पेंपलेट से प्रचार-प्रसार करवाएं .

# अतिक्रमण मुक्त जमीन की 24 घंटे निगरानी हो, दोबारा अतिक्रमण नहीं होना चाहिए

## एसपी विनोद कुमार सिंह ने किया नलखेड़ा का दौरा, सुरक्षा व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा



**नलखेड़ा, 30 नवंबर. पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने आज नलखेड़ा पहुंचकर नलखेड़ा मंदिर ट्रस्ट की हाईकोर्ट के आदेशानुसार हाल ही में अतिक्रमण मुक्त करवाई गई लगभग 6.35 हेक्टेयर भूमि का स्थल निरीक्षण किया. एसपी ने थाना प्रभारी निरीक्षक नागेश यादव के साथ संपूर्ण क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर जमीनी मूल्यांकन किया तथा उन स्थानों को भी देखा, जहां वर्षों से अवैध कब्जे बने हुए थे.**

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कब्जा मुक्त भूमि की 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जाए. पुन: अतिक्रमण की किसी भी कोशिश पर तत्काल कार्रवाई की जाए. रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए तथा संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त बल की तैनाती की जाए. उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के इस क्षेत्र की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. अतिक्रमण मुक्त भूमि का अवलोकन करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने रात में थाना नलखेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया. इस दौरान थाने की सुरक्षा व्यवस्थाओं, अपराध नियंत्रण की स्थिति, लंबित प्रकरणों, दैनंदिन कार्यप्रणाली तथा अभिलेख प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की गई. उन्होंने सीसीटीवी सिस्टम, हवालात, मालखाना, अपराध रजिस्टर, वारंट एवं गिरफ्तारी रजिस्टर, जिलाबदर, गुंडा निगरानी रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड का गहन परीक्षण किया. एसपी सिंह ने निर्देश दिए कि सभी अभिलेख व्यवस्थित एवं अद्यतन रखे जाएं. जप्तशुदा सामग्री व लावारिस वाहनों का शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा हवालात में बंदियों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए.

### रात में थाने का आकस्मिक निरीक्षण

एसपी विनोद कुमार सिंह ने रात्रि में नलखेड़ा थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया . पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नलखेड़ा क्षेत्र सुरक्षा व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड एवं कानून-व्यवस्था की गहन समीक्षा, धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है . इसलिए पुलिस-प्रशासन का दायित्व है कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की स्थिति मजबूत बनी रहे और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या अतिक्रमण को पुन : पनपने न दिया जाए .

### असामाजिक गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना प्रभारी एवं उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को जिले में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही को और प्रभावी बनाने, अवैध शराब, जुआं-सट्टा एवं असामाजिक गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए . उन्होंने सभी फरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु व्यापक कॉम्बिंग गश्त संचालित करने के भी निर्देश दिए . साथ ही क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने, स्थानीय नागरिकों से संवाद बनाए रखने तथा सूचनाओं पर तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने को कहा .

## जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र पर विश्व दिव्यांग दिवस पर होगा उपकरणों का वितरण

**शाजापुर, 30 नवंबर.** विश्व दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर को दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बापू की कुटिया के पास शाजापुर में विधायक एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा सहायक उपकरणों का वितरण किया जाएगा. डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय नेहा गंगारे ने बताया कि जिले की जनपद पंचायत शाजापुर में 4 फरवरी, जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया में 5 फरवरी को दिव्यांगजनों/वृद्धजनों का एवं जिला स्तरीय 30 जुलाई को वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरण के लिए एल्मिको द्वारा चिहांकन शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें पात्र दिव्यांग जिन्होंने शाजापुर एवं मो बड़ोदिया में चिन्हांकन करवाया है, उन्हें आना है एवं समस्त वृद्धजन जिन्होंने जिला स्तर निकाय स्तर पर परीक्षण करवाया है. उक्त दिव्यागजनों को स्वयं उपस्थित होकर समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं ऐल्मिको द्वारा दी गई उपकरण स्लिप/पर्ची साथ लेकर आना अनिवार्य है.

## जनता ने सुनी मन की बात

**शाजापुर, 30 नवंबर.** नगर के वार्ड क्रमांक 29 में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 128वीं मन की बात कार्यक्रम का आयोजन वृहदस्तर पर किया गया. इस दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया. जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में वार्डवासियों सहित क्षेत्रीय सांसद तथा भाजपा पदाधिकारी भी शामिल हुए. बूथ अध्यक्ष सुनील वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 128वें मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुबह 10.30 बजे किया गया. इस दौरान वार्ड 29 के पोलिंग बूथ क्रमांक 205 स्थित श्री विनायकेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्टेशन रोड पर आयोजन रखा गया, जिसमें क्षेत्रीय पार्षद एवं नगर पालिका सभापति दिनेश सौराष्ट्रीय द्वारा किए गए आव्हान पर बड़ी संख्या में वार्ड के महिला एवं पुरुषों ने उपस्थित होकर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को सुना. इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष पं. आशीष नागर भी कार्यक्रम में शामिल हुए. सभी उपस्थितजनों ने बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना.

# पिपलिया खेड़ा बालाजी मंदिर पर अन्नकूट का आयोजन




**सोयतकलां, 30 नवंबर. बालाजी मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार पंचायत समिति पिपल्या खेड़ा बालाजी के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया.**

जिसमें समिति की तरफ से कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल सोनी तनोड़िया ने की. मुख्य अतिथि मांगीलाल सोनी जिला अध्यक्ष मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज आगर एवं आगर से नारायण सोनी पांचम, विशेष अतिथि रजनीश सोनी आगर, सराफा व्यापारी, योगेश सोनी पाटन, श्याम सोनी, भरत सोनी आगर थे. संचालन राधेश्याम सोनी सचिव बालाजी स्वर्णकार समिति द्वारा किया गया. जिला अध्यक्ष मांगीलाल सोनी ने कहा कि समाज को सरकार की योजना का लाभ उठाना चाहिए. विशेष अतिथि रजनीश सोनी ने कहा कि शिक्षा जीवन एवं समाज का मूल आधार है. डिजिटल शिक्षा पर समाज विकास करे. समिति की तरफ से ओमप्रकाश सोनी, राधेश्याम सोनी, गोपाल, रमेश, रामलाल, कैलाश सोनी, गोपाल, शिवनारायण, दिलीप, गणेश सोनी आदि उपस्थित रहे. आभार समिति सचिव राधेश्याम सोनी ने माना.

# सर्वेक्षण सूची के संबंध में प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों को लेकर समिति का गठन

**शाजापुर, 30 नवंबर. मध्यप्रदेश नगरीय क्षेत्रों के के भूमिहीन व्यक्ति पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना, अधिनियम 1984 के तहत जिला मुख्यालय के नगरीय क्षेत्र शाजापुर नगरीय निकाय में प्रारंभिक सर्वेक्षण सूची के संबंध में प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर निर्णय लिये जाने के लिए कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने समिति का गठन किया है.**

समिति में कलेक्टर अध्यक्ष रहेंगी. इसके साथ ही समिति में पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला देवास तथा जिला शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी को सदस्य बनाया गया हैं. कलेक्टर सुश्री बाफना ने अनुविभागीय अधिकारी एवं प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्तावित बस्तियों में काबिज व्यक्तियों को अन्यत्र व्यवस्थापित करने की आवश्यकता होने पर वैकल्पिक प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर निर्णय लिये जाने के लिए जिला स्तरीय एवं अन्य शहरों के लिए समिति का गठन किया गया है. समिति में कलेक्टर अध्यक्ष रहेंगी. इसके साथ ही समिति में पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला देवास, जिला शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी को सदस्य बनाया गया है. उक्त समिति में संबंधित नगरीय निकायों के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी व्यवस्थापन के प्रस्ताव पर निर्णय लेने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे.

### आपत्तियों एवं सुझावों के लिए समिति का गठन...

कलेक्टर ने जिला मुख्यालय के शाजापुर के अलावा अन्य नगरीय निकाय में प्रारंभिक सर्वेक्षण सूची के संबंध में प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर निर्णय लिए जाने के लिए समिति का गठन किया है . समिति में नगर परिषद मक्सी के लिए गठित समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाजापुर अध्यक्ष रहेंगे . इसके साथ ही समिति में संबंधित क्षेत्र के एसडीओपी, जनपद पंचायत शाजापुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला देवास जि . श . वि अभिकरण परियोजना अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी मक्सी को सदस्य बनाया है . इसी तरह नगर पालिका परिषद शुजालपुर, अकोदिया, पोलायकलां एवं पानखेड़ी कालापीपल के लिए गठित समिति में अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर को अध्यक्ष बनाया गया है . साथ ही समिति में जनपद पंचायत शुजालपुर एवं कालापीपल मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संबंधित क्षेत्र के एसडीओपी उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश जिला देवास, जिशवि अभिकरण परियोजना अधिकारी एवं संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी शुजालपुर, अकोदिया, पोलायकलां एवं पानखेड़ी कालापीपल को सदस्य बनाया गया है .

# डीजे पर अश्लील गाने बजाने पर दो पक्षों में हुआ विवाद

## पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला



**शाजापुर, 30 नवंबर. समीपस्थ ग्राम पतोली में शनिवार रात एक शादी समारोह के दौरान वर निकासी के समय दो पक्षों में विवाद हो गया. स्थिति तनावपूर्ण होते ही लालघाटी पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया. दूल्हे के छोटे भाई की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है.**

पुलिस के अनुसार शनिवार को पतोली गांव से जितेन्द्र परमार की बारात मक्सी के लिए रवाना हो रही थी. दूल्हे को घोड़ी पर बैठाकर जुलूस निकाला जा रहा था. तभी गांव के कुछ लोगों से कहासुनी हो गई. देखते ही देखते विवाद बढ़ा और मारपीट की स्थिति बन गई. दूल्हे पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने गांव के भारत सिंह, नरेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह और लाल सिंह के खिलाफमारपीट करने और जातिसूचक गालियां देने का मामला दर्ज किया है. शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. लालघाटी टीआई अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की दो टीमें गांव पहुंचीं और विवादरत पक्षों को शांत कराया. उन्होंने कहा कि अब गांव में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और आगे की कार्रवाई कानून अनुसार जारी है.

### दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई...

ग्रामीणों के अनुसार अश्लील गानों और डांस का विरोध करने पर दूल्हे पक्ष की ओर से विवाद किया गया और पुलिस में झूठा मामला दर्ज कराया गया . उन्होंने आवेदन देकर दोषियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की . लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि पतोली गांव में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था . दूल्हे पक्ष की शिकायत पर चार ग्रामीणों के खिलाफमामला दर्ज किया गया है . बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दूल्हे पक्ष के खिलाफ शिकायत की है . पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद दोषियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी .

## एक नजर में

### नहीं हुई नहरों की सफाई, शहरवासियों के पेयजल के लिए रखा जाएगा संरक्षित

# चीलर डेम में सिर्फ 13 .5 फीट जल, नहीं मिलेगा किसानों को सिंचाई के लिए पानी



**शाजापुर, 29 नवंबर. 23 फीट क्षमता वाला चीलर बांध इस वर्ष केवल 13.5 फीट ही भर पाया है, जिससे न केवल नगरवासियों की बल्कि किसानों के लिए भी परेशानी खड़ी हो गई है. जिन्हें इस बार नहरों के माध्यम से पानी नहीं दिया जाएगा. जिसके चलते इस बार नहरों की सफाई भी नहीं करवाई गई है और नहरों मे बेतहाशा गंदगी पसरी पड़ी है.**

अल्पवर्षा के चलते चीलर बांध से खेतों तक पानी पहुंचाने वाली दोनों मुख्य नहरें इस साल अनुपयोगी साबित हो रही है. कम वर्षा और डैम में पर्याप्त जल संग्रहण न होने के कारण किसानों को इस बार नहरों से एक बूंद पानी भी नहीं मिल पाएगा. शहर के बीच से गुजरने वाली ये नहरें अब सूखकर नाले में तब्दील हो गई है. ये नहरें अब गंदगी, बदबू और मच्छरों का बड़ा कारण बन चुकी हैं. वर्षों से सफाई न होने और पानी का प्रवाह बंद रहने के कारण कई स्थानों पर कचरा, सड़ा हुआ पानी और झाड़ियां जमा हो गई है. आदर्श कालोनी, ज्योति नगर और नवीन नगर सहित कई क्षेत्रों में नहरों के किनारे कचरे के ढेर लगे हैं. कई इलाकों में घरों की नालियों का गंदा पानी सीधे नहर में छोड़ा जा रहा है. रहवासियों का कहना है कि उचित निकासी व्यवस्था न होने के कारण वे ऐसा करने को मजबूर हैं, जिससे आसपास रहना मुश्किल हो गया है. पूर्व में जरूर नगर पालिका की ओर से जेसीबी से सफाई कराई गई थी, लेकिन गंदगी का बहाव बंद न होने से स्थिति फिर वैसी ही हो गई. नपाध्यक्ष ने स्थायी समाधान की बात कही थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है.

### चीलर बांध में सिर्फ 13 .5 फीट पानी

उल्लेखनीय है कि करोड़ों रुपए की लागत से बनी इन नहरों का उद्देश्य लगभग 4500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और शहर को पेयजल आपूर्ति करना है . इस वर्ष 1 जून से 30 सितंबर तक केवल 650 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि सामान्य औसत 987 .7 मिमी है . इसके परिणामस्वरूप, चीलर डैम केवल 13 .5 फीट ही भर पाया, जबकि इसकी आवश्यकता 23 फीट है .

### इनका कहना है

*कम वर्षा के कारण चीलर डैम में पानी का स्तर 13.5 फीट ही है. जल उपयोगिता समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि किसानों को नहरों के माध्यम से इस बार पानी नहीं दिया जाएगा. इसी वजह से नहरों की सफाई भी नहीं की गई है, क्योंकि हर साल पानी छोड़ने से पहले नगर पालिका और सिंचाई विभाग मिलकर सफाई करते हैं.*

***अंकित पाटीदार, एसडीओ, सिंचाई विभाग, शाजापुर***